पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने सीएमए समागम-2016 का उद्घाटन किया

लखनऊः 6 मार्च, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज द इंस्टिट्यूट आफ कास्ट अकाउंटेंट आफ इण्डिया के लखनऊ चैप्टर द्वारा आयोजित सीएमए समागम-2016 का उद्घाटन होटल ताज में किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डाॅ0 लक्ष्मीकांत बाजपेयी, सीएमए श्री संजय गुप्ता, लखनऊ चैप्टर की चेयर पर्सन सुश्री अंजना चढ्ढा सहित कारपोरेट प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सीएमए समागम का विषय 'मेक इन इण्डिया की सफलता के सूत्र' था।

राज्यपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विचार करने की बात है कि मेक इन इण्डिया में पूंजी और मानव संसाधन का उपयोग कैसे किया जाए जो देश के लिए लाभदायी हो। देश को विकसित श्रेणी में ले जाने के लिए हमें जीरो वेस्टेज पर ध्यान रखना होगा। किसी भी विकास योजना को निर्धारित समय में पूर्ण करने में 'कास्ट ओवर रन' और 'टाइम ओवर रन' का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कभी कभी वेस्ट समझी जाने वाली वस्तुओं का भी लाभदायी बनाकर बेहतर ढंग से प्रयोग किया जा सकता है।

श्री नाईक ने कहा कि शहरों की सुविधा बढ़ाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों का भी उचित विकास होना चाहिए। जितना उद्योग, शिक्षा, व्यापार गाँव में उपलब्ध होना चाहिए, उसके न होने पर शहरों की ओर पलायन के कारण विकास असंतुलित हो जाता है। देश के विकास के लिए योग्य पद्धति से परिवर्तन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करें।

राज्यपाल ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में रहते हुए पेट्रोलियम मंत्रालय, तारापुर अणु संस्थान व रेल मंत्रालय में लिए गए निर्णय एवं अनुभव भी साझा किये।

कार्यक्रम में डाॅ0 लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मेक इन इण्डिया कार्यक्रम में कास्ट अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की इस योजना को सफल बनाने में कास्ट अकाउंटेंट्स अपना सहयोग प्रदान करें।

कार्यक्रम में चेयर पर्सन सुश्री अंजना चढ्ढा ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा श्री एस0के0 भट्ट, श्री संजय गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। राज्यपाल ने इस अवसर पर एक स्मारिका का भी लोकार्पण किया।

अंजुम/ललित/राजभवन(86/8)

THE INSTITUTE OF COST ACCOUNTANTS OF
(Statutory Body under an Act of Parliament)
Samagam

THE INSTITUTE OF COST ACCOUNTANTS OF
(Statutory Body under an Act of Parliament)
CMA Samagam

THE INSTITUTE OF COST ACCOUNTANTS OF INDIA
(Statutory Body under an Act of Parliament)
CMA
2016